SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी)
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171 003
OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E)
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-171 003

क्रमांक प्रशा /G-18/प्रतिनियुक्ति मांग/2024/2025-26/2085-86 दिनांक:-01-09-2025

सेवा में

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी विभागाध्यक्ष ।

विषय:- सहायक लेखा अधिकारी, लेखाकार और लिपिक संवर्ग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर रिक्तियों को भरने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

इस कार्यालय के पत्र संख्या प्रशा /G-18/प्रतिनियुक्ति मांग/2024/2025-26/1600-01 दिनांक 16.07.2025 जिसके तहत भारतीय लेखा एवं लेखा विभाग के सभी कार्यालयों के इच्छुक एवं योग्य अधिकारियों/कर्मचारियों से सहायक लेखा अधिकारी, लेखाकार एवं लिपिक संवर्गों के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिनकी आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.08.2025 थी।

इस संबंध में, सूचित करना है कि इच्छुक एवं योग्य अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.08.2025 से बढ़ाकर 10.09.2025 की गयी है। ये रिक्तियाँ DoPT के कार्यालय ज्ञापन DOPT-1711629234974 दिनांक 28 मार्च, 2024 तथा मुख्यालय कार्यालय द्वारा पत्र संख्या 60-स्टाफ (APP)-I/14-2023 दिनांक 27.01.2025 के माध्यम से एवं समय-समय पर प्रतिनियुक्ति के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भरी जाएंगी।

प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड निम्नानुसार हैं:-

| क्रमांक | पद का नाम एवं वेतन लेवल | पात्रता |
|---|---|---|
| 1. | सहायक लेखा अधिकारी, लेवल-08 | वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-08 में सहायक लेखा अधिकारी/सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के अनुरूप पद पर कार्यरत। |
| 2 | लेखाकार, स्तर-05 | वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-5 में लेखाकार/लेखापरीक्षक के अनुरूप पद पर कार्यरत। |
| 3 | लिपिक, लेवल-02 | मूल कार्यालय में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना. |

नियम और शर्तें:-

1. वे अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आए व्यक्ति भी पदोन्नति पर नियुक्ति

के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

2. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए होगी तथा रिक्तियों की उपलब्धता तथा अभ्यर्थी की उपयुक्तता के अनुसार इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

अनुरोध है कि कृपया इच्छुक अधिकारियों के आवेदन, जो संलग्न प्रोफार्मा में हों, पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर) की सत्यापित प्रतियां तथा सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र इस कार्यालय को 10.09.2025 तक भेज दें।

Digitally signed by
Meenu Sharma
Date: 01-09-2025
10:44:56

उप महालेखाकार (प्रशासन)

प्रतिलिपि:- ईडीपी अनुभाग को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भेजी जा रही है।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन)

गार्टन कैसल बिल्डिंग, शिमला– 171 003 दूरभाष: 0177-2614935, फैक्स: 0177-2814934
Gorton Castle Building, Shimla-171 003 Phone: 0177-2614935, Fax: 0177-2814934
E-mail:agaeHimachalpradesh@cag.gov.in